आकाशवाणी श्री विजयपुरम

25.07.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यात्रा के दूसरे चरण में मालदीव पहुंचे। श्री मोदी कल मालदीव के स्वतंत्रता दिवस पर विशिश्ट अतिथि के रूप में भाामिल होंगे।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत हमारे वैज्ञानिक करीब आठ हजार गांवों में गए।
- जिला परिशद सदस्या के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से होपटाउन के दिवंगत प्रधान के लिए मुआवजे की मांग की।
- दक्षिण अंडमान के उपायुक्त कार्यालय में बेटियों की सुरक्षा के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मालदीव की राजधानी माले पहुंच गए हैं। मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ु ने वैलेना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। यह प्रधानमंत्री मोदी की मालदीव की तीसरी यात्रा है। माले के वैलना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उत्साही मालदिवी नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय बच्चों ने छांव मृदा नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। दोनों नेता व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी की प्रगति का भी जायजा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी कल मालदीव की स्वतंत्रता के साठवें वर्षगांठ समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे।

<><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पहली बार दो हजार से अधिक वैज्ञानिकों के एक दल ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सात हजार नौ सौ से अधिक गांवों का दौरा किया। राज्य सभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने कहा कि वैज्ञानिकों ने प्रत्येक गांव की कृषि–जलवायु स्थितियों पर विस्तृत जानकारी एकत्र की। विकसित कृषि संकल्प अभियान के सात हजार नौ सौ से ज्यादा गांवों में हमारे वैज्ञानिक गए और वो खाली हाथ नहीं गए, उस गांव की एग्रो क्लाइमेटिक कंडिशंस क्या है और उस कडीशंस पर गांव में जो माटी है उसमें पोषक तत्व कौन से हैं, उनको ध्यान में रखते हुए वहां कौन–सी फसल उगाई जाए, कौन से बीज उपयुक्त रहेंगे ये जानकारी लेकर गए।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रशासन के पर्यावरण एवं वन विभाग में वन संरक्षक के अट्ठाईस पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि बीस अगस्त है। इस पद के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही किया जा सकता है। इस भर्ती के अंतर्गत चुने गए उम्मीदवारों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार लेवल सेवेन के तहत चौवालीस हजार नौ सौ से एक लाख बयालीस हजार चार सौ रूपय प्रति माह वेतनमान मिलेगा। आवेदक अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट **forest.and.nic.in** पर जा सकते है।

<><><><><><>

डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में डी सी आर ए, चपरासी, चौकीदार और स्वीपर के पद के लिए भर्ती परीक्षा की मेरिट, चयन और प्रतीक्षा सूची ई–पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। ये जानकारी उन उम्मीदवारों के लिए है जिन्होंने सी बी टी लिखित परीक्षा दी है।

<><><><><><><>

जिला परिषद सदस्य वी. के. मरियम बीबी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम पंचायत होपटाउन के प्रधान और समिति सदस्य के साथ अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव से मुलाकात की और दिवंगत नवल किशोर बारा के परिवार को तत्काल अनुग्रह राशि जारी करने का अनुरोध किया। बीस जुलाई को नवल किशोर बारा की दुखद मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु तेज हवाओं के कारण एक ऊँचा पेड़ उनके घर पर गिरने से हो गई थी। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव को बताया कि मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और दो साल का बेटा है, जो अब आय और आश्रय के स्रोत से वंचित हैं। मुख्य सचिव से इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार को सहायता प्रदान करने के लिए शीघ्र मुआवजा देने का अनुरोध किया गया। मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया है कि प्रशासन परिवार के साथ है। आकाशवाणी श्री विजयपुरम् से बात करने पर जिला परिषद सदस्य वी. के. मरियम बीबी ने बताया कि मुख्य सचिव की ओर से परिवार को राहत पहुँचाने का आश्वासन दिया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उपायुक्त कार्यालय में भारत में बालिकाओं के लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण की दिशा में उनकी सुरक्षा दो हजार पच्चीस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में समाज कल्याण, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल संरक्षण विभाग सहित गैर–सरकारी संगठन भी शामिल हुए। सत्र में प्रत्येक बालिका के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बालिकाओं के यौन उत्पीड़न के गंभीर मुद्दे पर संवेदनशीलता के साथ उठाया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्राट रॉय ने पॉक्सो अधिनियम के तहत कर्मचारियों को संवेदनशील बनने की सलाह दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार मीणा ने सुरक्षा और संरक्षा प्रोटोकॉल पर अपने विचार रखे। उन्होंने सी सी टी वी कैमरे लगाना, आगंतुक रजिस्टरों का रख–रखाव करना अनिवार्य पुलिस सत्यापन को बहुत महत्वपूर्ण बताया। उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने सभी विभागों की सहयोगात्मक भावना की सराहना की। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड जयंत मुखर्जी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेयाज आलम आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में बी.टेक द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश चाहने वाले सभी अभ्यर्थियों को पार्श्व प्रवेश से संबंधित कार्यक्रम के बारे में सूचित किया जाता है कि बी टेक (सिविल), बी टेक (सी एस ई) और बी टेक (सी एस ई) की परीक्षा उनतीस जुलाई को आयोजित की जाएगी। सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।

<><><><><><><>

जे एन आर एम में यूजी पाठ्यक्रमों में वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में प्रवेश के लिए भारतीय काउंसिलिंग की नई तिथियां निर्धारित की गई हैं। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम संबंधी चेतावनी और अंतर–द्वीपीय जहाजों की अनुपलब्धता के कारण अभ्यर्थियों के काउंसलिंग में शामिल न हो पाने के कारण तेईस जुलाई को होने वाली काउंसलिंग रद्द कर दी गई है। अब विभिन्न विषयों के लिए होने वाली नई काउंसिलिंग चार अगस्त से बारह

अगस्त के बीच निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नए कार्यक्रम के अनुसार काउंसलिंग में शामिल हों।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा कार्यालय के खेल अनुभाग ने चौबीस जुलाई को दोपहर ढाई बजे मरीना पार्क रोड में 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए रस्सी कूद के खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आई पी एस अधिकारी सिंधु पिल्लई थीं। इस खेलकूद प्रतियोगिता में साढ़े आठ सौ से अधिक छात्रों ने रस्सी कूदने का प्रदर्शन किया। अभिभावकों और जनता ने शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना की। द्वीप समूह की तीन बेटियों सुचित्रा रानी मंडल, आभा मंजुला, श्रीमती बिश्नोई जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कई पदक जीते हैं, उनको भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>